सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-376

25/08/2018

स्व0 बी0पी0 मंडल जी की 100वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई

पटना, 25 अगस्त 2018 :– पूर्व मुख्यमंत्री स्व0 बी0पी0 मंडल जी की 100वीं जयंती आज पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

पटना में राजकीय जयंती समारोह का आयोजन देशरत्न मार्ग चौराहे पर स्थित स्व0 बी0पी0 मंडल जी की प्रतिमा के निकट आयोजित की गई, जहॉ मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, विधानसभा अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी, पथ निर्माण मंत्री श्री नंद किशोर यादव, शिक्षा मंत्री श्री कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा, विधायक श्री श्याम रजक सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने स्व0 बी0पी0 मंडल जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के द्वारा आरती पूजन एवं देश भक्ति गीतों का गायन भी किया गया।

*****